क्रियाओं में बचाव का
आकाशदीप

http://www.aiche.org/CCPS/Publications/Beacon/index.aspx

निर्माण कार्य में लगे कर्मचारियों के लिये संदेश

CCPS प्रक्रिया सुरक्षा घटना डाटाबेस (पी०एस०आई०डी) द्वारा प्रायोजित

बिगड़ी अर्थव्यवस्था के दौरान सुरक्षा को न भूलें!

जून 2009

लगभग सभी देशों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बिक्री व लाभ कम हैं और कई कंपनियों को आर्थिक नुक्सान का सामना करना पड़ रहा है। संयंत्र कम कीमत पर काम कर रहे हैं और कुछ को बंद भी किया जा रहा है। जैसे-जैसे लाभ घटता है, कर्मचारियों की संख्या सहित संचालन-दर घटाने के लिए दबाव भी बढ़ता जा रहा है। बार-बार मशीनें बंद करने और चालू करने या कम कीमत पर संचालन का सुरक्षित संचालन पर असर पड़ सकता है और लोगों में तनाव पैदा हो सकता है। अधिक तनाव के कारण हो सकता है कि कर्मचारी काम की बारीकियों की ओर ध्यान न दे पाएं और गल्तियां करें। इन दबावों के बावजूद प्रबंधन व कर्मचारियों दोनों को सुरक्षा और प्रक्रिया सुरक्षा पर अपना ध्यान केंद्रित रखना चाहिए। सुनिश्चित करें कि प्रशिक्षण और निवारक परिरक्षण के साथ किसी तरह का समझौता न किया जाए क्योंकि दोनों ही सुरक्षा व दीर्घकालिक आर्थिक सफलता के लिए आवश्यक हैं। कर्मचारियों की संख्या कम करने की आवश्यकता संबंधी नतीजे लेते समय अपने सुविधा अपने कार्य-स्थल की बदलाव-प्रबंधन प्रक्रिया पर विशेष ध्यान दें और आपको यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि कर्मचारियों की संख्या में कमी के कारण महत्वपूर्ण सुरक्षा गतिविधियों के साथ समझौता न हो।

> आर्थिक मंदियों के दौरान भी ज़रूरी प्रक्रिया सुरक्षा उपायों पर खर्च करते रहना चाहिए... कंपनियों को चाहिए कि वे प्रत्येक निर्णय लेते समय ध्यान दें कि संयंत्र में काम करने वाले कर्मचारियों, ठेकेदारों और समुदायों की सुरक्षा पर इसका कोई दुष्प्रभाव न पड़े। दीर्घकालिक दृष्टि से देखा जाए तो जो कंपनियां सुरक्षा में निवेश करतीं रहेंगी उन्हें भविष्य में इसका लाभ होगा।
>
> -- जॉन ब्रेसलैंड, अध्यक्ष, अमरीकी रसायन सुरक्षा व ज़ोखिम अन्वेषण बोर्ड

आप क्या कर सकते हैं?

• बिगड़ी अर्थव्यवस्था के दौरान सुरक्षा-मूल्यों व मानकों पर ज़ोर देना जारी रखें। हमें हर परिस्थिति में प्रक्रिया-सुरक्षा पर अपना ध्यान केंद्रित करे रखना चाहिए।
• यह समझें कि कौन-सी गतिविधियां आपके कार्य-स्थल की सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं और यह सुनिश्चित करें कि आर्थिक दबावों के कारण इन गतिविधियों से समझौता न हो।
• जब मांग कम हो उस समय सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण मरम्मत-कार्य, बदलाव व सुधार करने के लिए मौके सुझाएं। आर्थिक मंदी आपको इन गतिविधियों को करने का एक अच्छा मौका दे सकती है। यूं भी बाज़ार में मांग कम है और संयंत्र बंद हो सकते हैं या उन्हें कम गति से चलाया जा सकता है।
• अगर आप उन महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरणों या सुरक्षा गतिविधियों के बारे जानते हैं जिन पर पैसा बचाने के लिए किए जाने वाले उपायों का दुष्प्रभाव पड़ रहा है तो यह सुनिश्चित करें कि आपके प्रबंधन को इन मुद्दों के बारे में जानकारी है। हो सकता है कि निर्णय लेते समय केवल कीमत की ओर ध्यान दिया गया हो और सुरक्षा पर होने वाले संभावित प्रभावों को पूरी तरह न समझा गया हो।
• कर्मचारियों की संख्या में बदलाव, घटी हुई संचालन दर, संचालन योजना में बदलाव और कीमत घटाने के लिए किए गए अन्य परिवर्तनों सहित सभी बदलावों के प्रभाव को पूरी तरह समझने के लिए बदलाव प्रबंधन पुनरावलोकनों का प्रयोग करें।

लघुकालिक आर्थिक परेशानी के कारण दीर्घकालिक सुरक्षा क्षति न होने दें!

AIChE © 2009, सर्वाधिकार सुरक्षित। अव्यवसायिक व शिक्षा संबंधी कार्य के लिए पुनः जारी करने को बढ़ावा दिया जाता है। तथापि CCPS के अलावा किसी अन्य संस्था या व्यक्ति द्वारा बिक्री के लिए पुनः छापने पर प्रतिबंध है। हमसे संपर्क करें: ccps_beacon@aiche.org या 646-495-13-1|

सामान्यतयाः आकाशदीप अफ़्रीकान्स, अरबी, चीनी, डैनिश, डच, अंग्रेज़ी, फ़्राँसीसी, जर्मन, यूनानी, गुजराती, हीब्रू, हिंदी, हंगेरियन, इंडोनेशियाई, इतालवी, जापानी, कोरियन, मलय, मराठी, नॉर्वेजियन, फ़ारसी, पुर्तगाली, रूसी, स्पैनिश, स्वीडिश, तमिल, थाई, तुर्की और वियतनामी भाषाओं में उपलब्ध है।

This document has been translated with the help of Chilworth Technology Pvt. Ltd.